हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 मार्च 2024
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

4
ढिमरापुर क्षेत्र में तीन एकड़ सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा



## खबर संक्षेप

### छुट्टी के दिन भी निगम में जमा होगा टैक्स

**रायगढ़।** जारी वित्तीय वर्ष का शनिवार रविवार छुट्टी के दिन भी टैक्स लिया जाएगा। इस संबंध में निगम राजस्व विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। जारी वित्तीय वर्ष का शनिवार एवं रविवार को आखिरी दिन पड़ रहा है। इसलिए छुट्टी के दिन शनिवार और रविवार को भी निगम राजस्व विभाग में अन्य दिनों के समान कार्य होंगे। उक्त दोनों दिनों में भी निगम से संबंधित समेकित कर, संपत्ति कर, जलकर और यूजर चार्ज जमा होंगे। शहरवासी उक्त दोनों दिवस को निगम से संबंधित समस्त प्रकार के टैक्स जमा कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने जारी वित्तीय वर्ष का टैक्स समय पर जमा करने और अतरिक्त अधिभार से बचने शहरवासियों से अपील की है।

### चौक से स्कूटी चोरी अपराध दर्ज

**रायगढ।** आशा चौहान पति शोभनाथ घरघोड़ा उम्र 35 साल निवासी ग्राम तेलीपाली लोहरसिंह वर्तमान में घरघोडा के अनिल कुमार गुप्ता के किराए के मकान रहती है और घरघोडा जनमित्रम के रवि कापरेटिव बैंक में लोन आफिसर के पद पर कार्यरत है। 27 मार्च वह अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एजी 2597 से डियूटी आई थी। स्कूटी को जयस्तम्भ चौक में खडा करके अपने आफिस चली गई। शाम करीबन 5.45 बजे डियूटी से वापस आई तो उक्त स्थान में खडा किये स्कूटी नही था आसपास पता किया कोई पता नही चला। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया था। मेरी स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एजी 2597 को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है।

### करेंट की चपेट में आने से किसान के साथ बैल की मौत

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमपाली के किसान भुनेश्वर राठिया पिता अमर साय उम्र 52 वर्ष की शुक्रवार को करेंट की चपेट में आने से मौत होने की खबर मिली है। जानकारी अनुसार मृतक खेत मे पानी पलाने के लिए ट्रांसफार्मर से स्वयं के खेत तक विधुत लाइन ले कर गया था। शाम को घर से बैल ढूंढने बताकर खेतों की तरफ निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह तक उसके वापस नही आने पर परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई। खेत के पास जाकर देखा तो करेंट की चपेट में आने से भुनेश्वर राठिया सहित बैल की मृत्यु हो गई थी।

### धान खरीदी केन्द्र से 10 बोरी धान चोरी, 2 पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़ासिया स्थित धान खरीदी केन्द्र से 2 युवकों ने 10 बोरी धान की चोरी कर ली। समिति प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में सुशील कुमार बेहरा पिता त्रिलोचन बेहरा उम्र 27 वर्ष निवासी खार थाना लैलूंगा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धान उपार्जन केन्द्र कोडासिया में केन्द्र प्रभारी है। वर्तमान में मंडी में 13198.80 क्विंटल धान है, जो बडे एरिया में फैला हुआ है। बीते 27 की रात्रि में 03 गार्ड मंडी में सुरक्षा हेतु लगे थे। जब भृत्य उत्तम पैकरा ने सुबह चेक किया, तब देखा कि उपार्जन केन्द्र के पीछे तरफ तार से जाली कटी हुई है। ऐसे में उसे धान चोरी होने की शंका हुई तब उसने सीसीटीवी कैमरे की फूटेज खंगाली तो पता चला कि गांव के ही दो युवकों अजीत व अजय द्वारा धान की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### फैल्ड देयक 31 तक स्वीकार

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में फैल्ड हुए देयक जिनका अभी तक फैल्ड देयक तैयार कर संबंधित कोषालय उपकोषालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है वे सभी देयक 31 मार्च 2024 को शाम 5 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे।

खरसिया चौकी थाना क्षेत्र का मामला

# बच्चों के विवाद में कूदे परिजन दोनों पक्षों में जमकर मारपीट

**पुलिस ने दर्ज की काउंटर एफआईआर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत बच्चों के बीच शुरू हुआ विवाद दो पक्षों में इस कदर बढ़ गया कि डंडे व लोहे की छड़ से मारपीट की नौबत आ गई। इस मारपीट में दोनों ही पक्ष के लोगों को चोंटे लगी हैं, वहीं पुलिस ने दोनों की पक्षों द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर बलवा व मारपीट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संजय ऊर्फ निर्मल निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे नीलपुरी और निर्मल के बच्चों आपसी लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। इसी बीच रंजिश को लेकर नीलपुरी गोस्वामी अपने साथ सोनु राठौर को लेकर उसके घर आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसे गाली गलौज करने से मना करते हुए इसका विरोध किया तो नीलपुरी गोस्वामी व सोनू राठौर दोनो ने मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। इतने में ही सोनू राठौर ने लोहे की छड़ से उस पर वार कर दिया वहीं नीलपुरी गोस्वामी डण्डा से मारने लगा। इस मारपीट में बीच बचाव करने के लिए उसकी पत्नी कमला, भाई नवल, नवीन व पिता पुनीराम तथा रिस्तेदार संदीप, परमेश्वर आदि भी वहां पहुंच गए, लेकिन इतने में ही उमेश राठौर, मोनू राठौर व उमेश की पत्नी रामकुमारी आदि भी वहां पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगे मारपीट करने लगे। इस घटना से उसके सिर तथा परमेश्वर व परमेश्वर की पत्नी नेहा, संदीप, पुनीराम, कमला को चोंटें लगी हैं। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रामकुमारी राठौर पति उमेश राठौर ने भी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उस दिन दोपहर को नीलपुरी का पुत्र उनके यहां दूध लेने आया था, जब वह दूध लेकर जा रहा था तभी उससे निर्मल निषाद के बेटे ने मारपीट किया। इसके बाद नीलपुरी और उसकी पत्नी व अन्य लोग हमारे यहां आ गए और घटना के बारे में बता रहे थे। फिर वह और उसका पति उमेश राठौर खेत की ओर चले गए, जहां वे करीब शाम 6 बजे वापस आए। तब देखा कि पूर्व में हुए विवाद को लेकर नहर पुल में चन्द्रप्रकाश, नीलपुरी गोस्वामी को संतराम उर्फ पुनीराम निषाद, संजय उर्फ निर्मल, संदीप कुमार निषाद, परमेश्वर उर्फ लल्लु, नवल निषाद, नवीन निषाद, नवल की पत्नी जानक, निर्मल की पत्नी कमला आदि गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर, लाठी डण्डे व चैन स्पाकिट आदि से मारपीट करने लगे। तब वह और उसका पति बीच बचाव करने पहुंचे तो उनक साथ भी मारपीट किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।




# यात्री पर महिला टीटीई ने लगाया कार्य में बाधा डालने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एक यात्री पर महिला टीटीई ने कार्य में बाधा उत्पन्न करने को लेकर आरपीएफ में लिखित शिकायत दी। महिला टीटीई की शिकायत पर आरपीएफ ने आरोपी यात्री के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। यह घटना शुक्रवार की दोपहर की बताई जा रही है।

- आरपीएफ में दी शिकायत, यात्री के खिलाफ अपराध दर्ज

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त यात्री का नाम जय किशन अहिरवार पिता लखन अहिरवार उम्र 32 वर्ष ने दमोह जाने के लिए जनरल टिकट लिया था। जनरल टिकट पर अतिरिक्त शुल्क देकर वह स्पीलर यात्रा करना चाहता था, ऐसे में उनसे वहां मौजूद टीटीई को पूछा तो टीटीई ने उसे 410 रूपए अतिरिक्त शुल्क लगने की बात कही। इतने में उक्त यात्री भड़क गया और फिर टीटीई से बहस करते हुए ज्यादा पैसे लेने का आरोप लगाने लगा। तब वहां मौजूद कुछ अन्य टीटीई ने उसे समझाना चाहा, लेकिन इतने में ही महिला टीटीई के साथ उक्त यात्री ने बहस करते हुए उसके कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की गई। तब वहां मुख्य टिकट निरीक्षक भी पहुंच गए और उसने समझाइश देकर जाने को कहा। उक्त यात्री कुछ दूर चला भी गया, लेकिन पुनः लौट कर वापस आया और महिला टीटीई से बहस करते हुए कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। जिसके बाद वहां मौजूद कुछ अन्य टीटीई आरपीएफ से इसकी मौखिक शिकायत की। जिसके बाद उक्त यात्री को पूछताछ के लिए आरपीएफ लाया गया।

**शिकायत दर्ज**

महिला टीटीई की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर रेलवे अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

-**राजेश वर्मा,** निरीक्षक पोस्ट प्रभारी, आरपीएफ

# सर्वसुविधा युक्त 6 बिस्तर टीबी वार्ड बनकर तैयार, हैंडओवर लेना शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिला अस्पताल भवन पूरी तरह से जीर्णोद्धार की राह देख रहा है। ऐसे में सिविल सर्जन डॉ आर एन मंडावी अलग-अलग मद से अस्पताल संचालन की लिए आवश्यक वार्ड का निर्माण कराने में लगे हुए हैं।

बीते दिनों 28 लाख की लागत से 6 बिस्तर वाले टीबी वार्ड और पैथोलॉजी लैब का निर्माण कराया गया है। जिसका अब तक हैंड ओवर लेना शेष है। डॉ मंडावी ने बताया कि टीबी वार्ड के प्रारंभ होने से जिले में गंभीर रुप से टीबी के पीड़ित मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। इस 6 बिस्तर अस्पताल में ऑक्सीजन और इलाज के लिए आवश्यक दवा पर्याप्त मात्रा में मरीज को मिल सकेगी और बेहतर इलाज मरीज को दिया जाएगा। अभी भी जिला अस्पताल में टीबी वार्ड संचालित है लेकिन अस्पताल के भीतर वार्ड संचालित है तथा पैथोलॉजी और लैब की बात की जाए तो वह पृथक से संचालित हो रहा है। जिसके लिए मरीज के परिजनों को रिपोर्ट लाने ले जाने के लिए परेशान होना पड़ता है। नए भवन में टीबी वार्ड शिफ्ट होने से इन समस्याओं से मरीज और उनके परिजनों को काफी राहत मिलेगी।

# शबरी धाम को गरिमा के अनुरुप विकसित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



प्रत्येक पूर्णमासी को महिला कीर्तन मंडलियों द्वारा खरौद स्थित छठवीं शताब्दी में ईंटों से निर्मित रामभक्त माता शबरी के मंदिर में सामूहिक भजन कीर्तन किया जाता है। इसके तहत फाल्गुन पूर्णिमा को भी माता के पूजनोपरांत संगीतमय भजन कीर्तन किया गया।

इस बीच महामाया आध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि प्रसाद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि छ.ग. राम वनगमन परिपथ में खरौद के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी प्राचीन शबरी का मंदिर नहीं है। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व द्वारा संरक्षित है। उन्होंने माता को जागृत माता बताया जो नगर की रक्षा के साथ साथ सभी की मनोकामना पूर्ण करती है। कलयुग में राम नाम संकीर्तन को संसार से उद्धार का एकमात्र उपाय बताते हुए आभार व्यक्त किया। सभी महिला शक्तियों ने इतनी प्राचीन शबरी मंदिर स्वयंभू लक्षलिंग शिव एवं ऐतिहासिक धार्मिक नगर खरौद का शासन द्वारा उपेक्षा किए जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए नगर के गरिमा के अनुरूप इसके विकास के लिए एक स्वर से मांग किया। अंत में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आध्यात्म परिषद के हेमलाल यादव,धनसाय यादव, रविशंकर यादव एवं शंभूलाल यादव का भी सहयोग रहा। महिला मंडली कीर्तन में गिरिजा देवांगन, अंबिका कुर्रे, उर्मिला आदित्य, पुष्पा आदित्य, पुनिबाई आदित्य,पुनाई आदित्य, नर्मदा आदित्य, मंगली बाई, छठबाई, श्यामबाई, पितर बाई आदित्य, कृष्णाबाई आदित्य,द दुलौरिन बाई, गुरबारी बाई, चंद्रिका बाई, बेदकुंवर, सुखबाई, मनटोरा, पुष्पा आदित्य भूरीबाई आदित्य, श्यामा बाई यादव, मानकी बाई, निर्मला यादव आदि उपस्थित थे।

# चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** दो दिन पूर्व बरभांठा चौक तमनार से चोरी हुई स्कूटी मामले में तमनार पुलिस द्वारा स्कूटी चोरी करने वाले युवक तथा चोरी की स्कूटी को बिक्री के लिए छिपा कर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार का चोरी स्कूटी बरामद किया गया है।



जानकारी के मुताबिक 25 मार्च को ग्राम तिलाईपारा समकेरा की रहने वाली कम्मी पटनायक 30 साल थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 मार्च को अपने रिश्तेदार के यहां बरभांठा चौक तमनार अपनी नीले रंग की सोल्ड होण्डा स्कूटी पर आई थी। रात को रिस्तेदार के घर पर रूकी थी। दूसरे दिन भोर सुबह करीब 5 बजे परछी में बाउंड्री अंदर खड़ी स्कूटी को एक लड़का संजू साहू चोरी कर ले गया। वाहन चोरी की रिपोर्ट पर थाना तमनार में धारा 457, 380 आईपीसी के तहत संदेही संजू साहू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। माल मुल्जिम पतासाजी दौरान आज तमनार पुलिस द्वारा फरार संदेही संजू साहू की पतासाजी कर हिरासत में लिया गयाए संजू साहू डम्फर वाहन में हेल्फर का काम करता है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी की सोल्ड स्कूटी को बरामद किया गया है। प्रकरण में धारा 411 आईपीसी विस्तारित कर आरोपी संजू साहू पिता चंद्रभान साहू उम्र 24 साल निवासी गिरगिरा थाना चंद्रपुर जिला सक्ती, धनेश्वर प्रसाद कुर्रे पिता स्वर्गीय रामदुलार कुर्रे उम्र 33 साल निवासी पूछापारा इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 11 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# पुलिसकर्मियों के दो दिवसीय जिला स्तरीय निर्वाचन प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर, रेंज बिलासपुर के दिशा निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन पर जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये दो दिवसीय चुनावी प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में किया गया था।

28 एवं 29 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा तथा थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को आदर्श आचार संहिता एवं सुरक्षा प्रबंध के संबंध में पुलिस अधिकारियों के कर्तव्यए निर्वाचन के पूर्वए निर्वाचन दिवस तथा निर्वाचन के पश्चात पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही, ईवीएम, व्हीव्ही पेट की सुरक्षा, सुरक्षा बलों का डिप्लायमेंट, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की जानकारी, उनकी निगरानी, फ्लाइंग स्क्वायड, स्थैतिक निगरानी दल की कार्यवाही तथा चुनाव सेल की कार्रवाई संबंधी विषयों पर मास्टर ट्रेनरर्स ने जानकारी दिया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी, में लगे पुलिसकर्मियों के साथ थाना चौकी के स्टाफ सम्मिलित हुए।

# बोलेरो व ट्रेलर में भिंडत, युवक घायल

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र निवासी युवक अपने परिवार के साथ मेहमानी में अपनी बहन के घर जा रहा था, इसी बीच सामने से आ रही ट्रेलर के चालक ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उसे गंभीर रूप से चोंट आई है। शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में मुकेश कुमार पटेल पिता तेजराम पटेल उम्र 32 साल निवासी ग्राम बैहामुडा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताय कि वह ड्रायवरी एवं खेती किसानी का काम करता है। बीते 27 मार्च को स्वयं के बुलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 सी 6983 से मेरी भांजी का जन्मदिन महोत्सव मनाने अपने परिवार के साथ एरमसाही बिलासपुर जा रहा था। इसी बीच शाम करीबन 4 बजे कटंगडीह नाला से पहले छाल की ओर से आने वाला ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 4777 के चालक द्वारा ट्रेलर को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर उसके बुलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 सी 6983 को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बोलेरो वाहन पूरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस दुर्घटना में उसके बांए घुटने के पास चोट लगी है।

# दुष्कर्म का आरोपी 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले की रिपोर्ट पर संवेदनशीलता बरतते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर अपराध कायम के मात्र 12 घंटे के भीतर आरोपित युवक की पतासजी कर उसे दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



कल रात करीब 11 बजे बालिका के परिजन थाना पुसौर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने आए। रिपोर्टकर्ता बालिका की मां बताई कि इसकी लड़की के परीक्षा समाप्त होने पर कुछ दिन पहले हॉस्टल से गांव आयी है। 22 मार्च को नाबालिग लड़की बिना कुछ बताये घर से कहीं चली गई थी। कल 28 मार्च को वापस घर आई और बताई कि कोडातराई, जूटमिल में रहने वाला विनेश पाव उससे मोबाइल पर बातचीत करता था। 22 मार्च को विनेश मोटर सायकल में गांव आकर लड़की को शादी कर अच्छे से रखने की बात कहकर बहला फुसला कर रायगढ़ होते छाल ले गया। छाल में विनेश जहां मुर्गी फार्म में काम कर रहता था वहां लड़की के साथ शाररिक संबंध बनाया। घटना के लिखित आवेदन पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपित विनेश पाव के विरूद्ध धारा 363, 366, 376, 2, ढ भादवि कायम कर बालिका का मेडिकल कराया गया और आरोपी युवक की पतासाजी कर शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

**केंद्रों में की गई स्वच्छता व स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच**

# सीएचसी तमनार में स्वास्थ्य विभाग कायाकल्प टीम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा काया कल्प योजनांतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में सुविधाओं सेवाओं के मापदंडों एवं लक्ष्यों के अनुरूप बेहतर कार्य करने हेतु राज्य व जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कायाकल्प आवर्ड से पुरुस्कृत हेतु जिले के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता सभी आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।

रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के दिशा निर्देश में सीएमएचओ डॉ चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सीएचसी तमनार का 28 मार्च को डॉ. प्रदीप टंडन शहरी राज्य कार्यक्रम प्रबंधन द्वारा अस्पताल में सभी आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं ओपीडी, टीकाकरण, स्वच्छता, रख रखाव अन्य गतिविधियां का निरीक्षण किया गया।

बता दें कि कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को बेहतर बनाने के हरसम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं सेवाओं के आधार पर अंक प्रदान किए जाते हैं। डॉ प्रदीप टंडन शहरी राज्य कार्यक्रम प्रबंधन ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत जिला सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई स्वच्छता महत्वपूर्ण है जांच उपचार सभी आवश्यक सेवाओं और सुविधाओं अलग-अलग विन्दुओ के माध्यम से अंक दिया जाता है सर्वाधिक अंक वाले को पुरस्कृत किया जाता है। सीएचसी तमनार में साफ सफाई स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं व अच्छे ढंग से सुविधाओं मुहैया कराई जा रही है। डॉ प्रदीप टंडन शहरी राज्य कार्यक्रम प्रबंधन, डीपीएम रंजना पैकरा, जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश पटेल, बीएमओ डॉ. एके मिंज, बीपीएम घनश्याम प्रधान, बीईटीओ शशिभूषण सिदार अन्य कर्मचारियों गण उपस्थित रहे।

# 40 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा थाना क्षेत्र के गांव में मुखबीर सक्रिय कर लगातार अवैध शराब पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सुबह मुखबीर से मिली सूचना पर ग्राम उरबा दर्रीपारा में तमनार पुलिस द्वारा शराब रेड के लिए दबिश दिया गया। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शीष कुमार यादव अपने बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। पुलिस मौके पर जाकर संदेही शीष कुमार को तलब किया गयाए कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने शराब बिक्री करना स्वीकार किया और अपने बाड़ी के झोपड़ी से 20 लीटर क्षमता वाले एक प्लास्टिक जरकिन और पांच-



पांच लीटर क्षमता वाले चार प्लास्टिक के जरकिन में भरा कुल 40 लीटर महुआ शराब, कीमती 8 हजार रुपए लाकर पेश किया जिसकी विधिवत जप्ती की गई। आरोपी आरोपी शीष कुमार यादव पिता स्व.नवबोधन यादव उम्र 30 वर्ष निवासी उरबा दर्रीपारा थाना तमनार जिला रायगढ़' के कृत्य पर थाना तमनार में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

29 March -Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg2_Layout 1 3/29/2024 8:00 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं। एक फैन ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'जब भी आप ये वीडियो पोस्ट करते हैं तो इससे मुझे अपने प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलती है।

### टॉलीवुड

## 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा। वहीं बात करें रवि के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ईगल' में एक क्रूर हत्यारे की भूमिका में देखा गया था। वहीं अब फैंस बेसब्री से 'मिस्टर बच्चन' से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी



खुश्बू फिल्म्स वल्र्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जर्बदस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।

### कोरियन जादू

### लाइफ स्टाइल



स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

## चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफः** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंगः** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यानः**

चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमालः** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयरः** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे के हाइड्रेशन का रखें ध्यानः** मौसम बदलने के साथ-साथ आपको अपने चेहरे के हाइड्रेशन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसके लिए चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

## इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट



फैशन

रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**लाल अनारकलीः**

ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।




**डीपनेक अनारकलीः** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।

**गुलाबी कॉटन सूटः** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजोः** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। अगर आपके पास कोई सिल्क की पुरानी साड़ी रखी है, तो आप उसकी मदद से सिल्क का अनारकली सूट तैयार करा सकती हैं।

## सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका



ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।

ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।' इतना ही नहीं, आदित्य से हमने ब्रास ज्वेलरी से जुड़ी और भी कई रोचक बातें जानी हैं, जो हम इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं।

## लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



### लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेगी।

### लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं। यह चूड़ी सेट हर कलर के कपड़ों के साथ आसानी से मैच भी करता है।

### कार्नर न्यूज

### बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

## स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं।


अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे।

बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।





अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

29 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/29/2024 8:01 PM Page 1





# कपिल शर्मा को मिला लग्जरी घर, एयरपोर्ट और कप्पू कैफे

**मुंबई।** जब से कपिल शर्मा के शो का नया सीजन अनाउंस हुआ है, तब से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। न सिर्फ नए सीजन का नाम बदला है, बल्कि कपिल शर्मा का घर और पता भी बदल गया है। अब शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है, जो 30 मार्च से रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। कपिल शर्मा का नया घर बेहद खूबसूरत है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सेट पिछले सीजन के सेट के मुकाबले काफी आलीशान और लग्जरी वाला है। इसमें एयरपोर्ट से लेकर वेटिंग लाउंज और यहां तक कि कप्पू का स्पेशल कैफे है। कपिल शर्मा ने जब 2013 में अपने शो की शुरुआत 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से की थी, तो शो में उनके परिवार को मिडल क्लास दिखाया गया था।

लाइफ Style



# प्रियामणि

## अजय-शाहरुख आंखों से करते हैं बातें

'मैदान' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं। प्रियामणि इडंस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, 'अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब भी हमने इमोशनल सीन शूट किए, मुझे याद है कि उनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे। फिर भी उन्हें बोलना नहीं पड़ता। उनकी आंखे, उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशन बहुत कुछ कहते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने रहीम साहब को जीवंत किया है, वह शानदार है।' प्रियामणि ने पिछले साल फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा की थी। उनसे जवान में किंग खान के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'वह अपनी आंखों से भी एक्सप्रेसिव हैं। वे इसे बहुत ही अलग तरीके से व्यक्त करते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# मिसकैरेज पर किया खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे, जो अपनी आगामी रिलीज 'द आइडिया ऑफ यू' के लिए आलोचकों की तारीफ का लुफ्त उठा रही हैं, वह कई पर्सनल और प्रोफेशनल उतार-चढ़ाव से गुजरी चुकी हैं। इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया। ऐनी ने क इंटरव्यू में अपने संघर्षों के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने अपने जीवन के उस कठिन दौर के बारे में भी विस्तार से बताया जब उनका गर्भपात हो गया था। ऐनी ने 2019 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।



# डिकैप्रियो की गर्लफ्रेंड संग वायरल हुई तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले काफी समय से एक्टर का नाम मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ जुड़ रहा है। दोनों काफी समय से डेट कर रहे हैं। अब इस कपल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि, दोनों ने सगाई कर ली है। ये चर्चा तब शुरू हुई तब विटोरिया सेरेटी की इंगेजमेंट फिंगर में रिंग नजर आई। लियोनार्डो डिकैप्रियो का नाम अब तक कई एक्ट्रेसेज से जुड़ चुका है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह विटोरिया सेरेटी को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार एक साथ पार्टी करते भी देखा गया है। अब गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस कपल की नई तस्वीरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। लियोनार्डो और विटोरिया को लॉस एंजिल्स में एक मैक्सिकन रेस्तरां में देखा गया। इन तस्वीरों में जिस चीज ने ध्यान खींचा वो थी डायमंड रिंग।



# शादी के शोर के बीच दिखाई रिंग...

**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपनी शादी की खबरों के बीच फाइनली चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बता दिया है कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी नहीं बल्कि सगाई हुई है। एक्ट्रेस ने गुरुवार को सिद्धार्थ के साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में उन्होंने साफ किया कि उनकी सगाई हो चुकी है। दोनों ने अपनी अंगूठियां भी फ्लॉन्ट कीं। अदिति ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'उन्होंने हां कहा!' इंगेज्ड।' उन्होंने बैकग्राउंड में सिद्धार्थ की 'चिट्ठा' के गाने का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले, बुधवार से खबरें आ रही थीं कि अदिति और सिद्धार्थ ने 27 मार्च को तेलंगाना के एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली है, जो कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि यह समारोह श्रीरंगपुर के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर मंडपम में आयोजित किया गया था।



# 'द गोट लाइफ' पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदुजीविथम' उर्फ 'द गोट लाइफ' आखिरकार आज 28 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म के ट्रेलर को साउथ सुपरस्टार प्रभास ने खूब सराहा था। अब उन्होंने के बार फिर पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और अपना प्यार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रभास ने 'द गोट लाइफ' का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'चमकते रहो पृथ्वीराज सुकुमारन मैंने आपका समर्पण प्रत्यक्ष रूप से देखा है और मुझे पता है कि आपने इस फिल्म पर कितनी मेहनत की है। यहां और भी बहुत कुछ है, आगे जीत के हकदार हैं। इससे पहले पृथ्वीराज सुकुमारन को प्रभास के साथ 'सालार पार्ट वनः सीजफायर' में देखा गया था।

# विक्रांत की 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर रिलीज

*मुंबई। '12वीं फेल' से जलवा दिखाने वाले विक्रांत मैसी अब एक और फिल्म के साथ हाजिर हैं 'द साबरमती रिपोर्ट', जिसकी काफी दिनों से चर्चा थी। इस फिल्म में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई जाएगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इसका एक वीडियो रिलीज किया था, और अब टीजर रिलीज किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' में मेकर्स दिल को झकझोर देने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जो 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटी थी। उस दिन साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में लगी आग में कई लोग जिंदा जल गए थे। करीब 59 लोगों की जानें चली गई थीं। उस खौफनाक घटना को 22 साल हो गए, पर वो जख्म आज भी ताजा हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में उन चीजों की झलक दिखाई गई है, जो 22 साल से छुपे हुए थे। लेकिन इसे बाहर लाने में विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जी-जान से लगे हुए हैं।*



# फिल्म 'क्रू' की एडवांस बुकिंग शुरू




*मुंबई। कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की रिलीज के लिए तैयार है। शुक्रवार को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इसके गाने को भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि फिल्म को फर्स्ट डे अच्छी ओपनिंग मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' ने अपने एडवांस बुकिंग कलेक्शन में 4431 शो के लिए 31,126 टिकट बेचे हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले ही लगभग 72 लाख रुपये की कमाई कर ली है। मेकर्स को उम्मीद है कि अभी आंकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे फर्स्ट डे फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिल सकती है।*



# बेटे के जन्म के बाद अनुष्का ने पोस्ट की पहली फोटो

**मुंबई।** एक महीने से ज्यादा समय के बाद अनुष्का शर्मा इंस्टाग्राम पर वापस आ गई हैं। एक्ट्रेस लंदन में अपने नवजात बेटे अकाय की देखभाल में व्यस्त हैं, जहां वह फिलहाल रह रही हैं। उन्होंने बेटे के जन्म के बाद पहली बार गुरुवार को अपनी एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनकी ये फोटो एक मोबाइल फोन ब्रांड का विज्ञापन है लेकिन फैंस को इससे क्या मतलब! फोटो में अनुष्का हाथ में एक स्मार्टफोन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने एक सफेद शर्ट और नीली जींस पहनी हुई है, छोटे बाल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। लकड़ी की बेंच पर तकिए और कंबल बिछाकर बैठी अनुष्का अलग ही ग्लो कर रही हैं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पोस्ट को कैप्शन दिया, 'सुबह का सूरज और मेरे #वनप्लसओपन पर कुछ पढ़ने का समय - दिन की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।'

# यशराज की स्पाई यूनिवर्स में बॉबी देओल की एंट्री

**मुंबई।** 'एनिमल' में अबरार का खूंखार किरदार निभाने वाले बॉबी देओल की झोली अब फिल्मों से भरती जा रही है। साउथ में सूर्या की 'कंगुवा' के बाद उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। बॉबी देओल की यशराज की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हुई है। जी हां, ताजा रिपोर्ट यह है बॉबी 'स्पाई यूनिवर्स' की अपकमिंग फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के सामने खतरनाक विलेन बनकर खड़े होंगे। दिलचस्प है कि 'एनिमल' में बॉबी के सामने रणबीर कपूर थे और अब उनकी पत्नी आलिया से उनका सामना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शिव रवैल के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में आलिया भट्ट महिला जासूस की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म में आलिया के साथ शरवरी वाघ भी रॉ एजेंट बनेंगी। दोनों एकसाथ एक मिशन को अंजाम देंगी।



# कलाकारों की सभी फिल्में हिट नहीं होती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोत इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने 2024 में बीजेपी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर पर भी खुलकर बात की है। इंटरव्यू में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में इसलिए आ रही हैं, क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। चलिए जानते हैं उन्होंने इस सवाल का क्या जवाब दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना रनोत ने अपने कॅरियर पर बात की।

# पहले झेला रिजेक्शन, अब अदाकारी से लूटते हैं वाहवाही

*मुंबई। जिंदगी में हर किसी को कभी न कभी रिजेक्शन का सामना जरूर करना पड़ता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मौजूदा समय में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में है। वे अपनी फिल्मों से लोगों के दिलों पर राज करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इनमें से कुछ बड़े नाम अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑडिशन के दौरान रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं।*



### रणवीर सिंह

*रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय जैसी फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले रणवीर सिंह आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, शुरुआती दौर में पैर जमाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक साक्षात्कार के दौरान निर्देशक अनुराग कश्यप ने खुलासा किया था कि शैतान के ऑडिशन के दौरान रणवीर को उन्होंने रिजेक्ट कर दिया गया था।*

### आलिया भट्ट

इस लिस्ट में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। गंगूबाई काठियावाड़ी, उड़ता पंजाब, राजी और गली बॉय जैसी फिल्मों में उन्होंने शानदार अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को यह बात पता है कि वे भी ऑडिशन में रिजेक्ट हो चुकी हैं। आलिया ने कथित तौर पर 17 साल की उम्र में वेक अप सिड के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन यह फिल्म उनके हाथ नहीं लग सकी थी।





### विक्की कौशल

विक्की कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल कर लिया है। फिल्म सैम बहादुर और डंकी में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया। मसान, राजी, मनमर्जियां में प्रभावशाली जैसी फिल्मों में वे अपनी एक्टिंग से लोगों को प्रभावित कर चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की ने भाग मिल्खा भाग के लिए ऑडिशन दिया था? हालांकि, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म उन्हें नहीं मिल सकी थी।

### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं। उनकी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। हर बड़े से बड़ा डायरेक्टर आज उनके साथ फिल्म बनाना चाहता है, लेकिन एक ऐसा भी समय था जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। कम ही लोग जानते हैं कि रणबीर ने फिल्म द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन निर्देशक मीरा नायर ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि वे उस भूमिका में फिट नहीं थे।






### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण न केवल बॉलीवुड में एक बेहतरीन कलाकार के रूप में पहचानी जाती हैं बल्कि हॉलीवुड भी उनकी बेहतरीन एक्टिंग का लोहा मान चुका है। बॉलीवुड की टॉप की अभिनेत्रियों में शुमार होने वाली दीपिका भी रिजेक्शन का दर्द झेल चुकी हैं।

**खबर संक्षेप**

### मरम्मत के दौरान गिरकर मजदूर की मौत

**रायगढ़।** देलारी स्थित एक टायर प्लांट में कार्यरत मजदूर टिन शेड मरम्मत करते हुए अनियंत्रित होकर गिर गया था। जिसकी उपचार कर दौरान मौत होने पर पूंजीपथरा पुलिस ने मामले को विवेचना में ली है। जानकारी के मुताबिक धनेश्वर मांझी पिता धरमलाल मांझी उम्र 25 वर्ष ग्राम धौराभांठा थाना पूंजीपथरा का रहने वाला है। जो पेशे से जय भोले टायर प्लांट में मजदूरी करता था। धनेश्वर रोजाना की तरह वह मजदूरी का काम करने फरवरी माह में गया था। इस बीच वह प्लांट में टिन शेड की मरम्मत कर रहा था। जहां काम करने के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं होने पर वह अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे उसके शरीर में गंभीर चोट आने पर रायगढ़ मुख्यालय लाकर इलाज कराया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर में रिफर किया गया इस बीच 7 फरवरी को जीवन और मौत से संघर्ष करते हुए उसकी मृत्यु हो गई। बहरहाल रायपुर से शून्य में आए केस डायरी पर पूंजीपथरा 28 मार्च को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की दिशा को आगे बढ़ाई है।

### विवाद के बाद पति ने पी लिया कीटनाशक

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ के संग्रह गांव में दंपत्ति के बीच घर में हो रहे विवाह कार्यक्रम में खाना देर से परोसने पर पति इस कदर भडक़ गयाए दोनों में विवाद हो गया। इससे व्यथित पति ने आत्मग्लानि वश आत्महत्या करने के इरादे से कीटनाशक दवा सेवन कर ली। जिसे उपचार के लिए धरमजयगढ़ अस्तपाल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम संग्रह रहवासी मुन्ना राम पिता बंधन सिंह बैगा उम्र तकरीबन 40 वर्ष के घर परिवार में छोटे भाई का विवाह कार्यक्रम चल रहा था। वैवाहिक कार्यक्रम में दूर दराज व गांव के मेहमानों बड़ी संख्या में आए थे। इस बीच गुरुवार की सुबह 9 बजे के आसपास मुन्ना राम ने अपनी पत्नी से खाना निकालने की बात कहाए लेकिन घर में मेहमान व सबकी आवभगत में पत्नी व्यस्त हो गई और यही वजह रहा कि खाना नहीं निकाल पाई, जिसे लेकर दोनों पति.पत्नी में विवाद बढ़ गया, जिसके बाद मुन्ना राम इस कदर व्यथित हो गया कि आत्महत्या करने के इरादे से घर में रखा खरपतवार कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड गई। मुन्ना राम को घर के आंगन में उल्टी करते देखा तो स्वजनों ने उससे पूछताछ किया तो उसने बताया कि वह कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है। ऐसे में बदहवास स्वजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए निजी वाहन के जरिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल लेकर गए। यहां उसका उपचार चल रहा है वहीं उसकी सेहत में सुधार भी हैं।

### शराब के नशे में पी गया कीटनाशक, अस्पताल में मौत

**रायगढ़।** होली के दूसरे दिन शराब के नशे में एक अधेड़ ग्रामीण ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत मेडिकल कालेज अस्पताल में होने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक गांव में होली के बाद भी होली जैसे माहौल बना हुआ है। जिसमें लोग अपने अपने स्तर में पर्व को मना रहे है। इस बीच होली के खुमार में गोवर्धन निषाद पिता स्व ननकू उम्र 61 साल ग्राम बहलीडीह थाना बरमकेला रहवासी ने घर में रखे कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है।

## राजस्व और निगम अमले की शहर में निरंतर कार्रवाई

# ढिमरापुर क्षेत्र में तीन एकड़ सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शनिवार की सुबह जिला प्रशासन नगर निगम और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा ढिमरापुर चौक सागरिका होटल के बगल इला माल के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान सरकारी जमीन पर बने मकान एवं दुकानों को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। नगर निगम प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई की जा रही है पिछले दिनों जगतपुर क्षेत्र में कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया गया था। इसी तरह शनिवार की सुबह जिला प्रशासन, निगम प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सागरिका होटल के पास इला मॉल के बगल में सरकारी जमीन पर बने मकान एवं दुकानों को तोड़कर हटाया गया। यहां बाउंड्री वॉल से करीब 3 एकड़ सरकारी जमीन को घेर दिया गया था, जिसे जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। इस तरह यहां करीब 3 एकड़ सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इसी तरह पास के चार और दुकान एवं मकान को नोटिस जारी करने के निर्देश निगम के भवन विभाग को दिया गया है।

**स्वनिर्धारण पत्र से टैक्स का भुगतान कर सकेंगे नागरिक**

निगम प्रशासन द्वारा मैनुअल तरीके से टैक्स जमा लेने की सुविधा और ज्यादा बेहतर कर दी गई है। इसमें चार राजस्व निरीक्षकों को शहर के 48 वार्ड का मैनुअल टैक्स जमा लेने निर्देशित किया गया है। निगम प्रशासन द्वारा समेकित करए संपत्ति करए जलकर एवं यूजर चार्ज की वसूली के लिए ऑनलाइन पद्धति से टैक्स जमा लिया जा रहा था। पूर्व में एक राजस्व निरीक्षक को मैन्युअल पद्धति से टैक्स जमा लेने निर्देशित किया गया था। इसमें निगम प्रशासन द्वारा वर्तमान में अब कर राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी मैन्युअल पद्धति से टैक्स जमा लेने के लिए लगाई गई है, जिसमें राजस्व निरीक्षक हरिकेश्वर लकड़ा को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक के मैनुअल तरीका से टैक्स लेने आदेशित किया गया है। इसी तरह राजस्व निरीक्षक शिवकुमार यादव को वार्ड क्रमांक 13 से 24, राजस्व निरीक्षक रोहित मिर्रे को वार्ड क्रमांक 25 से 36 एवं राजस्व उप निरीक्षक मकरध्वज मालाकार को वार्ड क्रमांक 37 से 48 तक के मैन्युअल पद्धति से टैक्स जमा लेने निर्देशित किया गया है। अब ऑनलाइन टैक्स के साथ भी मैनुअल पद्धति से शहरवासियों को टैक्स जमा कर सकेंगे।

## 88 पाव शराब के साथ महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अवैध शराब पर कार्रवाई के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा ढिमरापुर चौक पर अवैध शराब बेच रही महिला को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक 28 मार्च के रात्रि थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबीर से सूचना मिली कि ढिमरापुर चौक पर एक चाय ठेले के पीछे एक महिला अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए भारी मात्रा में शराब रखे हुए है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल महिला उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर के स्टाफ भेज कर कार्रवाई करने निर्देशित किया। मौके पर कोतवाली पुलिस द्वारा अफसाना परवीन पति मोहम्मद हाफिज उम्र 43 साल निवासी पुरानी बस्ती ढिमरापुर चौक थाना कोतवाली नाम की महिला से उसके चाय ठेले के पीछे अवैध बिक्री के लिए रखे अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है आरोपिया के कब्जे से 45 पाव देशी प्लेन, 40 पाव गोवा अंग्रेजी शराब और 3 पाव देशी मसाला प्लेन शराब कुल 88 पाव देशी, अंग्रेजी शराब मात्रा 16.200 लीटर जुमला कीमती 8,550 का जब्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना कोतवाली में आबकारी एक्ट की धारा 34,2,59, क के तहत कार्यवाही किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, महिला प्रधान आरक्षक अरुण चौरसिया, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगमोहन ओग्रे और बनारसी सिदार शामिल थे।

## सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बीएलओ प्रशिक्षण में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए जिले के तीनो विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में अधिकारियो कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी तारतम्य में सहायक रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ के बीएलओ प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एआरओ डॉ तिवारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे मतदाता जो पूर्णतः निशक्त है उन्हे तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा दी गई है। इसका पर्याप्त प्रचार और ऐसे दिव्यांग और निशक्त मतदाताओं का चिन्हांकन कर प्रपत्र प्रस्तुत करें। साथ ही एएसडी सूची की तैयारी के संबंध में मतदाता पर्ची वितरणए मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए कार्ययोजना पर एआरओ ने बीएलओ से चर्चा की। इस प्रशिक्षण में बिलाईगढ़ के तहसीलदार कमलेश कुमार सिदार उपस्थित थे।

### नेत्र रोग जांच एवं चिकित्सा शिविर 150 लाभान्वित

**सरिया।** गरीबों और हाशिए पर रहने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देते हुए समुदाय के परिहार्य अंधेपन को खत्म करने के उद्देश्य से त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर उड़ीसा के द्वारा आज बॉर्डर क्षेत्र छत्तीसगढ़ सरिया सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में अपने सामाजिक सरोकार के कार्य को करते हुए निःशुल्क नेत्र रोग जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 150 लोगों ने शिविर का लाभ लिया। अग्रसेन भवन सरिया में आयोजित नेत्र रोग जांच एवं चिकित्सा शिविर में त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर उड़ीसा के द्वारा सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिविर का आयोजन किया। उक्त शिविर में सरिया के रक्तवीर परिवार के सदस्यों के द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए शिविर को संपन्न करने में सहयोग प्रदान किया।

## घुमावदार मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर, चालक की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ हमीरपुर मार्ग में अंधे मोड़ में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन खतरनाक मोड़ प्रतिदिन दुर्घटनाओं के चलते लोगों को जान माल तथा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसमें इंदिरा विहार के आगे मोड़ पर एक बेकाबू कोयला लोड ट्रेलर वाहन मोड़ में पलट गई, हादसे में चोटिल हुए चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक रायगढ़ हमीरपुर पालीघाट व्यस्तम मार्ग में शुमार है। 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनो की रेलमपेल की स्थिति बनी रहती हैए जिसमें देर रात एक दुर्घटना घटित हो गया। इस हादसे में मोहन यादव पिता भद्र यादव उम्र 46 साल झारखंड ग्राम उदयगढ़ थाना पलामू रहवासी ट्रेलर चालक अपने वाहन सीजी 13 एलए 9275 में कोयला लोड कर जेपीएल तमनार जा रहा थाए तभी रात्रि में करीब 1 बजे के आसपास इंदिरा विहार के आगे मोड़ में सामने से आ रही डाला बाड़ी ट्रक को साइड देने के चक्कर में वह मोड़ में बेकाबू होकर पलट गया। बताया गया कि हादसे के दौरान ट्रेलर की रफ्तार अधिक थीए ऐसे में चालक वाहन में नियंत्रण नही रख पाया और सडक़ से उतरते हुए पलट गई। वही इस हादसे में चालक मोहन चोटिल भी हो गया। बहरहाल हादसे की जानकारी मिलते ही सडक़ किनारे से वाहन को क्रेन के माध्यम से निकालते हुए आवागमन को व्यवस्थित किया गया।

## न्यौता भोज में एडिशनल सीईओ ने बच्चों को परोसा मिठाई व फल



**पामगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला चंडीपारा में 28 मार्च गुरुवार को एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत पामगढ़ मुकेश गोस्वामी ने अपने बेटे के जन्म दिन को यादगार बनाते हुए बच्चो के साथ न्योता भोज कराकर मनाया, जिसमें बच्चों को अपने हाथों से केला, अंगूर, संतरा एवं मिठाई का वितरण किया गया।

न्योता भोजन में शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा दाल चावल सब्जी की व्यवस्था कर न्योता भोजन कराया। सीईओ कौशिक ने बच्चों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण कर अपनी ओर से पेंसिल भेंट किया। न्योता भोज के इस कार्यक्रम में रूपलता बुनकर, आकाश नारंग, राजू गांधी,डी आर साहू,प्रेमशंकर पटेल, सरपंच कमलेश जायसवाल, सचिव उमेंद्र राम दिनकर एवं स्कूल के सभी स्टॉफ उपस्थित थे।

### कोसमंदा में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन

**कोसमंदा।** जनपद प्राथमिक शाला व बालक पूर्व माध्यमिक शाला कोसमन्दा में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन किया गया। कोसमन्दा के उत्साही युवको व सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जय मां सेवा संस्थान द्वारा जनपद प्राथमिक शाला व बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में सरपंच गजाधर कौशिक, सचिव यंत्रलाल चौहान, पंच संजोग बरेठ,प ंच श्री राम खरे, पंच ओमकार कश्यप, पंच परमेश्वर कश्यप, कोटवार संतोष,जनपद प्राथमिक शाला के समस्त बच्चे,स्टाफ रसोईया समिति, बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय से समस्त बच्चे, स्टाफ व रसोइया समिति शामिल हुए।

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले भर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण बढ़.चढ़कर हिस्सा ले रहे है।

इसी कड़ी में जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत चिखली में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही खरसिया विकासखण्ड के ग्राम.हालाहुली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। धरमजयगढ़ के कन्या छात्रावास, बाकारूमा एवं हाटी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शपथ कार्यक्रम, लैलूंगा के कुर्रा बिरहोर बस्ती में रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गई। रंगोली के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह जिले के अन्य विकासखण्डों में स्वीप संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। आयोजित स्वीप कार्यक्रम में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया गया।

### बरमकेला में धूमधाम से खेली गई होली

**बरमकेला।** क्षेत्र मे रंगो का पर्व होली धार्मिक मान्यता के अनुसार रीति रिवाज का पालन करते हुये हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरिके से मनाया गया बच्चे, युवा, महिलाओ के साथ साथ बुजुर्गो ने भी इस त्यौहार के मौके पर खुशियां मनाई एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई देते हुए नजर आये तमाम तरह के रंगो से सराबोर बच्चे तो खासतौर पर बड़े उत्साहित नजर आ रहे थे वे हर दिखाई पड़ने वाले सख्स पर रंग और अबीर गुलाल की बरसात करते नजर आये लोगो ने इस मौके पर अपने-अपनों का गुझिया और अन्य विभिन्न प्रकार की मिठाईयों से मुह मिठा कराया होली के अवसर पर गाये जाने फाग गीत को गाकर अपनी सभ्यता एव संस्कृति का परिचय दिया इस मौके पर खूब धूम रही रंग बिरंगे लोग नाचते गाते और गली मोहल्ले मे लगातार एक दूसरे को घूम घूमकर रंग गुलाल लगाते नजर आए होली के दिन होली के दुकानों पर भी काफी भिड़ नजर आई पूरा नगर होली के रंगो से रात तक रंगा हुआ नजर आया।

## 7 मई को करना है मतदान गांव-गांव में ली गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निर्वाचन की प्रक्रिया में एक जिम्मेदार मतदाता की भूमिका निभाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन में 7 मई को शत प्रतिशत वोटिंग के लिए प्रेरित करने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन और स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां लोगों ने निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के साथ अपने परिवार और आसपास के सभी मतदाताओं को वोटिंग के लिए शपथ ली। स्वीप कार्यक्रम के तहत गांवों में लोगों ने सामूहिक शपथ के साथ रैली भी निकाली। रंगोली बनाकर 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया।

इस आयोजन में वरिष्ठ मतदाताओं, महिलाओं के साथ युवा भी शामिल हुए। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार रायगढ़ लोकसभा के लिए तृतीय चरण में मतदान होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 22 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। मतदान 7 मई को होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

## आज सरसीवा में लगेगा खाद्य लाइसेंस शिविर

**सारंगढ़।** विभाग द्वारा एफएसएसएआई खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन शिविर का आयोजन 30 मार्च को होटल पिज्जा हाऊस सरसीवा मे किया जाएगा है। पंजीयन का कार्य प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 वा 31,1 के तहत खाद्य विनिर्माता, रिपैकर एरीलेबरर, खाद्य परिवहन एथोक व खुदरा विक्रेता, होटल एरेस्टोरेंट, ढाबा, किराना दुकान, मीट शॉप, पान ठेला, चाट वा गुपचुप ठेला एगन्ना रस, जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, फल, सब्जी विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को खाद्य लाइसेंस पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। पंजीयन लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटोए आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा या निगम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 पंजीयन शुल्कए 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 है, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमशः 3000 व 5000 का शुल्क प्रति वर्ष निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।





